THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BALRAM JAKHAR) : (a) and (b) During 1990 and 1991 Central teams conducted sample surveys in Kerala State which contribute about 98 per cent of total pepper production in the country.

(c) The steps taken to protect pepper cultivators, under the Central Sector Integrated Programme for Development of Spices, are given below :—

(i) Rehabilitation of old pepper gardens which are senile and disease affected;

(ii) Supply of input-kils and subsidised distribution of plant protection sprayers;

(iii) Supply of disease-free planting material;

(iv) Laying out pepper demonstration plots.

Bes'des, in order to protect pepper growers in Kerala from distress sale, market intervention scheme in pepper is being implemenled from 29-4-1993 to 30-6-1993. Under this scheme Central and State Marketing agencies are procuring pepper at Rs. 33 per kg. of fair average quality. The total quantity proposed to be procured is 3000 tonnes.

उत्तर प्रदेश में बंजर भूमि का विकास

*267 **श्री राम नरेश यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में कुल कितनी हैक्टेयर भूमि बंजर पड़ी हुई है तथा इसे खेती योग्य बनाने के लिए क्या उपाय किए हैं; और

(ख) क्या यह भूमि पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों की स्थिति सुधारने के लिए खेती करने हेतु उनमें वितरित किए जाने की संभावना है; यदि हां, तो कब तक ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) उत्तर प्रदेश में 1989-90 की स्थिति के अनुसार कुल परती भूमि (पुरानी और वर्तमान परतियां) करीब 2.03 मिलियन हैक्टेयर होने का अनुमान है। भूमि का विषय जिसमें परती भूमि का विकास/सुधार का काम भी शामिल है, मूलत: राज्य सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है और उस पर उसी की (राज्य सरकार की ही) नीतियां और दिशा निर्देश लागू होते हैं। फिर भी, केन्द्र सरकार की उत्पादकता बढ़ाने तथा संबंधित समस्याग्रस्त भूमि को उत्पादनशील उपयोग में लाने योग्य बनाने की दृष्टि से भूमि पर आधारित कुछेक कार्यक्रमों के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता दे रही है। इससे अन्य कामों के साथ-साथ परती भूमि के क्षेत्र में कमी करने में भी सहायता मिल रही है।

(ख) खेती के लिए ठीक की गई/विकसित की गई भूमि, भूमिहीनों में वितरित करने/सौंपने का विषय भी उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। वैसे, सामान्यतया इसके लिए राज्य सरकारें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा समाज के कमजोर वर्गों, भूमिहीन ग्रामीण गरीबों आदि को प्राथमिकता देती है।

उत्तर प्रदेश में विज्ञान शिक्षा सुधार योजना

*268 **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में विज्ञान शिक्षा सुधार योजना के अंतर्गत कोई कार्यक्रम आरम्भ किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत दो वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम के तहत क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे और इसकी क्या उपलब्धि रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) :

(क) से (ग) "स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार" नामक केन्द्रीय प्रायोजित योजना में राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में विशेष कार्यक्रम आरम्भ